# प्रेस कान्फ्रेंस दिनांक 02-07-2022

## जनपदीय एसओजी/सर्विलांस व थाना उसका बाजार पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा हत्या की सनसनीखेज घटना का 24 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण, अभियुक्त को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल कुल्हाड़ी बरामद किया गया।

दिनांक 01-07-2022 को वादी श्री ज्ञानेन्द्र चौहान पुत्र श्री छोटेलाल चौहान निवासी ग्राम जरदी थाना पनियरा जनपद महराजगंज ने थाना उसका बाजार पर मुकदमा पंजीकृत कराया कि "दिनांक 30-06-2022 को मेरी बहन शैलेश को उसके घर मे ही रात्रि में चाकू से काटकर हत्या कर दिया गया है जिसके सम्बन्ध में थाना उसका बाजार पर मु0अ0सं0 64/2022 धारा 302 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया था"। जिसके सन्दर्भ में श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। प्रकरण को संज्ञान में लेते हुये घटना के अनावरण हेतु एसओजी/सर्विलांस एवं प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार को निर्देशित करते हुये विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसके क्रम में श्री सुरेश चन्द्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व श्री प्रदीप कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 02-07-2022 को श्री जीवन त्रिपाठी, प्रभारी एस0ओ0जी0 व श्री शेषनाथ यादव, प्रभारी सर्विलांस सेल के नेतृत्व में मुखबिर खास की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित मृतका का हत्या करने वाले अभियुक्त विनोद सहानी पुत्र मोतीलाल निवासी मटियार थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर को करमां मोड़ से समय करीब सुबह करीब 08:35 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के निशानदेही पर मृतका के घर के बारजे से आलाकत्ल कुल्हाड़ी बरामद किया गया।

**पूछताछ का विवरण-** गिरफ्तार अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो अभियुक्त उपरोक्त द्वारा बताया गया कि "मेरा करीब 06 वर्ष से शैलेष से प्रेम समबन्ध था मेरा उसके घर आना-जाना था, कुछ समय से वह मुझसे अच्छे से बात नही करती थी जब भी उसका फोन करता था नम्बर व्यस्त आता था। मुझे सन्देह हो गया था कि वह किसी अन्य से प्रेम करती थी, मैं उसे बार-बार मना करता था, परन्तु वह मानती नही थी। घटना वाले दिन मैं उससे मिलने के लिये बोला तो पहले उसने मना किया फिर बोली कि आज मिल लो फिर मैं नही मिलूंगी। उसी रात्रि मैं उसके घर गया उसकी अन्य लड़को से बात करने को लेकर कहा-सुनी हुयी वह मेरी बात को नही मान रही थी जिससे मै बहुत दु:खी था। वह सो गयी लेकिन मुझे नींद नही आ रही थी, मै सीढ़ी पर बैठा था, कि वही पास में रखी कुल्हाड़ी को लेकर उसके कनपटी पर लगातार चार बार प्रहार किया जब वह मर गयी तों मै कुल्हाड़ी को कमरे के बारजे पर छिपा दिया था"।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

- विनोद सहानी पुत्र मोतीलाल निवासी मटियार थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर।

### बरामदगी का विवरण-

- आलाकत्ल कुल्हाड़ी

### गिरफ़्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

**01-**उप-निरीक्षक श्री जीवन त्रिपाठी, प्रभारी एस0ओ0जी0 जनपद सिद्धार्थनगर।
**02-**उप-निरीक्षक श्री शेषनाथ यादव, प्रभारी सर्विलांस टीम जनपद सिद्धार्थनगर।
**03-**उप-निरीक्षक श्री रामकुमार राजभर, थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
**04-**मुख्य आरक्षी रमेश यादव, एस0ओ0जी0 जनपद सिद्धार्थनगर।
**05-**आरक्षी पवन तिवारी, एस0ओ0जी0 जनपद सिद्धार्थनगर।
**06-**आरक्षी अवनीश सिंह, एस0ओ0जी0 जनपद सिद्धार्थनगर।
**07-**आरक्षी देवेश यादव, सर्विलांस टीम जनपद सिद्धार्थनगर।
**08-**विवेक मिश्रा, सर्विलांस टीम जनपद सिद्धार्थनगर।
**09-**अभिनन्दन सिंह सर्विलांस टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट-थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थ नगर दिनांक 02.07.2022

### महिला सशक्तिकरण के क्रम में महिला बीट पुलिस अधिकारी द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान

श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा " महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के अनुपालन में व श्री सुरेश चंद्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व के दिशा निर्देश श्री अजय कुमार श्रीवा. क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 02.07.2022 को श्री महेश सिंह,-थानाध्यक्ष थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में महिला बीट पुलिस अधिकारी , महिला का.मधु वर्मा व सुमन वर्मा द्वारा महिलाओं ,बच्चो के साथ महिला सम्बन्धी अपराध, महिला सुरक्षा के संबंध में ग्राम शेखाडीह में जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक किया गया तथा महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मा.मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस आपात हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्वन्ध में विस्तृत रुप से जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

## प्रेस नोट-थाना खेसरहा दिनांक 02.07.2022

### थाना खेसरहा पुलिस ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा माननीय न्यायालय।

श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, श्री सुरेश चन्द्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व श्री देवी गुलाम, क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण में श्री अशोक कुमार वर्मा थानाध्यक्ष थाना खेसरहा सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 56/2022 धारा 323,325,308, 504 IPC से संबंधित वांछित चल रहे अभियुक्त को सकारपार चौराहे से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिद्धार्थनगर भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

1. इलियास पुत्र जौउबाद साकिन टिकुर थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 रामकुमार यादव चौकी प्रभारी सकारपार थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर
2. HC विनोद तिवारी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
3. का0 राजू कुमार थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोटःदिनांक 02.07.2022 यातायात पुलिस सिद्धार्थनगर

### यातायात पुलिस सिद्धार्थनगर द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान, पी0ए0सिस्टम व पम्पलेट के माध्यम से यातायात जागरूकता से सम्बन्धित प्रचार- प्रसार किया गया।

आज दिनांक 02.07.2022 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री अमित कुमार आनन्द के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सुरेश चन्द्र रावत के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री देवी गुलाम के कुशल निर्देशन में प्रभारी यातायात श्री अमरेश कुमार यादव मय यातायात पुलिस टीम द्वारा पी0 सिस्टम व पम्पलेट के माध्यम से सनई तिराहा, साड़ी तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा, आदि स्थानों पर यातायात जागरूकता से सम्बन्धित प्रचार-प्रसार किया गया तथा वाहन चेकिंग के दौरान खतरनाक तरीके से ड्राइविंग / स्टंट बाइकिंग व शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों व सड़क पर नियम विरूद्ध तरीके से खड़े वाहनों तथा यातायात नियमों का पालन न करने वाले 31 वाहनों से 35000/-रू0 शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी तथा आम जनमानस को हेलमेट व सीट बेल्ट धारण करने के पश्चात् ही वाहन चलाने और प्रत्येक दशा में यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली संख्या में भारी कमी लायी जा सके।

## प्रेस नोट दिनांक 02.07.2022

**एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर नवयुवकों, महिलाओं और लड़कियों को महिला सुरक्षा व मिशन शक्ति के संबंध में जानकारी दी गई तथा मनचलों एवं शोहदों पर कार्यवाही हेतु चेकिंग की गयी।**

श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री सुरेश चन्द्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 02.07.2022 को शक्ति मोबाइल/प्रभारी एण्टी रोमियो महिला उ0नि0 श्रीमती पूनम मौर्या द्वारा एण्टी रोमियो कार्यवाही के अन्तर्गत थाना सिद्धार्थ नगर, बांसी थानाक्षेत्र में स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थानाक्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी।

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

01- महिला उ0नि0 श्रीमती पूनम मौर्या प्रभारी एण्टी रोमियो जनपद सिद्धार्थनगर।
02- आरक्षी रामविलास एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।
03- महिला आरक्षी रीनू एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनाँक 02.07.2022 थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर
## महिला मिशन शक्ति जागरूकता अभियान

श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं श्री सुरेश चन्द रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश पर व श्री हरीश चंद्र क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री राजेश कुमार मौर्य थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 02.07.2022 को महिला बीट पुलिस अधिकारी म0का0 अंजली गुप्ता व म0का0 प्रिया चौहान द्वारा पलटा देवी में महिलाओं व बालिकाओं को एकत्रित कर उनके सम्मान एवं स्वालंबन मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत सरकार द्वारा चलाये गये मिशन शक्ति अभियान एवं महिला सुरक्षा सम्बन्धी योजनाओ, सुरक्षा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महिला सम्बन्धी अधिकारो के बारे जानकारी दी गयी और शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन न0 -112,181,1076,1090,1098,102,108 आदि के बारे मे भी बताया गया तथा 1090 पम्पलेट का वितरण किया गया।

## प्रेस नोट-थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थ नगर दिनांक 02.07.2022
## महिला सशक्तिकरण व साइबर हेल्प लाइन के क्रम में महिला बीट पुलिस अधिकारी व महिला हेल्प डेस्क अधिकारी द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान

श्री अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान"के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व श्री सुरेश चंद्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व श्री अजय कुमार श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 02.07.2022 को श्री बलजीत कुमार राव प्रभारी निरीक्षक थाना पथरा बाजार सिद्धार्थनगर के निर्देशन में महिला बीट पुलिस अधिकारी महिला आरक्षी ओमलता शुक्ला एवं महिला आरक्षी ममता मिश्रा द्वारा महिलाओं ,बच्चो के साथ महिला सम्बन्धी अपराध, महिला सुरक्षा के सम्बन्ध मे क़स्बा सेहरी मे जागरूकता अभियान के तहत महिलाओ को जागरूक किया गया तथा महिलाओं व बच्चियों को महिला सम्वन्धी अपराध एवं साइबर सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड एवं साइबर हेल्प लाइन 1930 के सम्वन्ध में जानकारी दी गई।

## प्रेस नोट दिनाँकः- 02.07.2022 थाना लोटन

**थाना लोटन पुलिस द्वारा 02 नफर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, कब्जे से 02 अदद मोटर पम्प बरामद।**

श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री सुरेश चन्द्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व श्री प्रदीप कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली लोटन श्री देवनन्दन उपाध्याय के नेतृत्व में आज दिनांक 02.07.2022 को मुखबिर खास की सूचना पर बेलवा जगरनाथ मंदिर मोड़ थाना कोतवाली लोटन से समय 11:30 बजे 02 नफर चोरों को गिरफ्तार कर नियमानुसार जामा तलाशी के उपरांत उनके पास से 02 अदद विद्युत चलित मोटर पम्प बरामद किया गया तथा अभियुक्त गण के विरुद्ध थाना लोटन पर मु0अ0सं0 79/2022 धारा 411/413 भादवि पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।

**विवरण बरामदगी**- 02 अदद विद्युत चलित मोटर पम्प

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. मंगरु पुत्र घरभरन (उम्र करीब 24 वर्ष) साकिन भेलौजी बुजुर्ग थाना को. लोटन जनपद सिद्धार्थनगर। ।
2. श्यामू उर्फ श्यामसुन्दर पुत्र चिनक यादव (उम्र करीब 25 वर्ष) साकिन भेलौजी बुजुर्ग थाना को. लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री शिवनारायण सिंह थाना को.लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।
2. उ0नि0 श्री जितेन्द्र कुमार शाही थाना को.लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।
3. का0 आलोक कुमार थाना को.लोटन जनपद सिद्धार्थनगर ।
4. का0 रामकेश सरोज थाना को.लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 02.07.2022 थाना महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर

**आज दिनांक 02-07-2022 को महिला थाना पर परिवार परामर्श केंद्र/नई- किरण का आयोजन कर जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा 02 परिवार को बिखरने से बचाया गया|**

श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश पर आज दिनांक 02-07-2022 को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 03 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई। परामर्श के बाद 02 पत्रावाली का सफल निस्तारण संभव हुआ तथा 01 पत्रावली में अग्रिम दिनांक दिया गया है। 02 परिवार को बिखरने से बचाने में महिला थानाध्यक्ष श्रीमती मीरा चौहान, म०हे०का० सविता सिंह , महिला आरक्षी अनिशा सरोज व महिला आरक्षी नेहा सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**निस्तारित पत्रावली का विवरण :-**

1. कमरजहां पत्नी नबीहसन साकिन उदयपुर थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।
2. रूबी पत्नी संजय सा० बसन्तपुर थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर

उत्तर प्रदेश पुलिस